तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में सवार महिला के गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के अंदर महिला के बैग से जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया गया। जीआरपी थाना को दी शिकायत में महिला प्रियांशु ने बताया कि वह 27 नवंबर को दिल्ली से रूपनगर जन शताब्दी में सवार होकर जा रही थी। जिस सीट पर वह बैठी थी। रास्ते में अज्ञात लोगों ने उनके बैग से सोने से बैग से किट्टी सेट, चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, 50 ग्राम सोने की पायल चोरी कर ली।

### महिला को सम्मोहित कर गहने लेकर फरार

**करनाल।** शहर के मुख्य बाजार नेहरू प्लेस में एक महिला को सममोहित कर उसके गहने उतरवाकर फरार होने का एक मामला सामने आया है। महिला ने एक लड़की ओर एक महिला पर आरोप लगाए है। पुलिस को दी शिकायत में मोती नगर निवासी शुंकलता रानी ने बताया कि रात के करीब 8 बजे वह अपनी दुकान के सामने नेहरु प्लेस से कुछ सामान लेने आई थी। उसकी दुकान दुपटा मार्केट में चाय की दुकान है। जिस दुकान पर वह सामान लेने आई थी।

### घर के बाहर से आल्टो कार चोरी

**घरौंडा।** गांव बरसत में घर के बाहर खड़ी एक अल्टो कार चोरी हो गई। गांव बरसत निवासी उमेश कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी अल्टो कार जिसका नंबर एच आर 05 वी 1905 है। उसने 16 दिसंबर को रात्रि के समय कार को अपने घर के सामने खड़ा किया था। लेकिन अगली सुबह जब उसने उठकर बाहर देखा तो वहां से कार गायब थी। पुलिस ने उमेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### दो दिन चलेगा जयंती समारोह

**अंबाला।** जिला स्तर पर 22 व 23 दिसंबर तक दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि श्रीमद्भगवद् गीता का ज्ञान जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है। जयंती महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों को जोडक़र कार्यक्रम को हर्षोउल्लास के साथ मनाने का काम करना हैं। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से सहयोग की अपील की गई है।





# ब्रह्मसरोवर पर 13 राज्यों की लोक संस्कृति का धमाल

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कच्ची घोड़ी और बाजीगर कर रहे हैं पर्यटकों का मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र




अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर 13 राज्यों की लोक संस्कृतियों ने धमाल मचाया है। इन राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छटा बिखेर कर पर्यटकों का मन मोह लिया है। इस लोक संस्कृति से ब्रह्मसरोवर की फिजा विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से रंग गई है। इन तमाम प्रस्तुतियों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से प्रस्तुत किया जा रहा है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र के अधिकारी भूपेंद्र सिंह व राजेश बस्सी ने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए कलाकारों में हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली नृत्य व देकू भद्रवाही कुड व रुमाल नृत्य, पंजाब का झूमर व मालवाई गिद्दा, राजस्थान का चारी, उतराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मृध्य प्रदेश का गणगौर व पंथी नृत्य, झारखंड का पायका नृत्य, उड़ीसा का संबलपुरी नृत्य सहित राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, डेरु गाथा गायन आदि की प्रस्तुति दी जा रही है। इन सभी लोकनृत्यों में कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति, लोक गायन कला और अपने रीति-रिवाजों को दर्शाने का अनोखा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए गए यह कलाकार 19 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति देंगे और इसके बाद 20 दिसंबर से 13 राज्यों के 187 कलाकारों का नया ग्रुप महोत्सव में पहुंचेगा और 24 दिसंबर तक यह कलाकार अपने-अपने नृत्यों की महोत्सव में प्रस्तुति देंगे। इन कलाकारों में जम्मू कश्मीर का कुड व रउफ नृत्य, पंजाब का भांगड़ा व जिंदवा, हिमाचल प्रदेश का सिरमौरी नाटी, उत्तराखंड का छपेली/घसियारी नृत्य, राजस्थान का सांवरिया सवांग, गुजरात का सिद्दी धमाल, उत्तर प्रदेश के बरसाना की होली, छतीशगढ़ का पांडवानी गायन, मणिपुर का लाई हरोबा व मणिपुरी रास, झारखंड का पुरुलिया छाऊ, उड़ीसा का गोटीपुआ नृत्य के साथ-साथ राजस्थान के कच्ची घोड़ी, बाजीगर, बहरुपिए आदि नृत्यों की प्रस्तुति 20 दिसंबर से महोत्सव में देखने को नजर आएगी।

### पोर्ट्रेट बनवाने के लिए हरियाणा पवेलियन में लगी लोगों की भीड़



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा लगाई गई हरियाणा पवेलियन में ललित कला विभाग के छात्रों द्वारा लगाया गया स्टॉल सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भारी संख्या में लोग छात्रों के पास अपने पोर्ट्रेट बनवाने के लिए आ रहे हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रोफेसर महा सिंह पुनिया ने बताया कि ललित कला विभाग के छात्रों के स्टॉल इस बार खास तौर पर लगाए गए हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की सोच है कि बच्चों का आत्मनिर्भर बनाया जाए। इसलिए उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए यह मंच प्रदान किया गया है। विभाग के बीएफए तृतीय वर्ष के छात्र देवेंद्र ने बताया कि वह स्कूल के समय से ही इस कार्य में लगा है और 10वीं के बाद तो उसने निर्णय कर लिया था कि वह ललित कला के क्षेत्र में आगे जाएगा और यह सोच कर उसने 12वीं के बाद ललित कला विभाग में दाखिला ले लिया था। पहली बार वे इस प्रकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं और भारी संख्या में लोग अपने पोर्ट्रेट बनवाने के लिए पहले ही दिन कई लोगों ने उन्हें ऑर्डर दिए। बीएफए तृतीय वर्ष की छात्रा नीतू व पिंकी भी अपनी कला का प्रदर्शन हरियाणा पवेलियन में कर रही है।

### ग्रीन गोल्ड के दीवाने हुए पर्यटक




अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में शिल्पकार अली असम राज्य की प्रसिद्ध केन और बंबू की पारंपरिक शिल्पकला को लेकर पहुंचे है। गांव भालुकी जिला बरपेटा असम से ग्रीन गोल्ड केन एंड बंबू से बने फूलदान, ट्रेर, पेन स्टैंड, इजी चेयर, मूढ़ा, पर्स, बाल्टी, मैगजीन होल्डर, मग जैसी लुभावनी चीजें लेकर आए है। उनके इस स्टॉल पर पर्यटक बिना रुके आगे ही नहीं बढ़ते है। शिल्पकार का कहना है कि उनके उत्पादों को पर्यटक हाथों-हाथ खरीद रहें है और उनकी शिल्पकला का जादू पर्यटकों पर चढ़ चुका है। ग्राहकों की भारी भीड़ देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि पर्यटक उनकी शिल्पकला के मुरीद बन चुके है। उनके स्टॉल पर 50 से 2 हजार रुपए तक के मूल्य के उत्पाद मौजूद है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में वह पिछले 15 सालों से लगातार आ रहे है। उन्होंने यह शिल्पकला विरासत में मिली है। गीता महोत्सव के अलावा वे चंडीगढ़ के कलाग्राम, दिल्ली के प्रगति मैदान इत्यादि जगहों पर अपनी छाप छोड़ चुके है।

### विभाग की योजनाओं की दे रहा जानकारी



सूक्ष्म सिंचाई विधि को बढावा देने के लिए मिकाडा हरियाणा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में ब्रह्मसरोवर के तट पर स्थित स्टॉल पर प्रदर्शनी लगाकर लोगों को सूक्ष्म सिंचाई विधि के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें सरकार द्वारा सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। विभाग के एसडीओ विजय कुमार की देखरेख में इस स्टाल पर सुक्ष्म सिंचाई से गन्ने की खेती, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,जलमार्ग नीति, टपका विधि सिंचाई से धान की सफल खेती तथा मिकाडा यूनिफाइड पोर्टल पर आवेदन भरने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी)के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। सूक्ष्म सिंचाई विधि से धान की फसल में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलें है, इससे जहां लगभग 42 प्रतिशत पानी की बचत हुई, वहीं पैदावार में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सभी श्रेणी के किसानों को सरकार 85 प्रतिशत सहायता प्रदान करेगी और किसानों को सिस्टम लागत का 15 प्रतिशत योगदान तथा 12 प्रतिशत जीएसटी देना होगा

### कंठी को लेकर महिलाओं में उत्साह



हरियाणा पवेलियन में लगा हरियाणावीं आभूषणों और परिधानों का स्टॉल सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। पवेलियन में आने वाली महिलाएं व लड़कियां इस स्टॉल पर रुक कर रानीहार, कंठी, मटरमाला, छालरा सहित अन्य आभूषणों को देखने के साथ-साथ खरीद भी रही हैं। सबसे ज्यादा महिलाएं रानीहार व मटरमाला को खरीद रही हैं। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महा सिंह पुनिया ने बताया कि हरियाणा पवेलियन में हरियाणा की लोक संस्कृति को दिखाया गया है। गुरूग्राम से खासतौर अंजू दहिया को बुलाया गया है, जोकि परम्परागत हरियाणा के आभूषणों और परिधानों को बनाने के लिए पूरे देश व विदेश में प्रसिद्ध है। कुवि इस बार आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत के सपने को साकार करने पर कार्य कर रहा है। इसलिए इस बार जो कलाकार अपनी कला को ही लेकर आगे बढ़ रहा है, उसे मंच प्रदान किया गया है। अंजू

### बंदियों की शिल्पकला को किया प्रदर्शित



ब्रह्मसरोवर के तट पर कारागार विभाग हरियाणा द्वारा लगाए गए स्टॉल पर प्रदेश की जेलों में बनाए जाने वाले लकड़ी व अन्य सामान को डिस्पले किया गया है। जिसे देखने में पर्यटक दिलचस्पी ले रहे हैं। यह स्टॉल 628 नंबर पर कारागार विभाग द्वारा लगाई गई है, जिसमें लकड़ी के फर्नीचर के अलावा लकड़ी से बना अन्य बेहतरीन सामान प्रदर्शित किया गया है। यहां बता दें कि प्रदेश की कुरुक्षेत्र, अम्बाला, यमुनानगर, सोनीपत आदि जेलों में परिरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई है। कारागार विभाग के स्टॉल में लकड़ी का सामान, आयुर्वेदिक आंवला का मुरब्बा, एलोविरा जूस, तुलसी अर्क, गुलाब जल आदि सामान को उचित दामों पर बिक्री के लिए रखा गया है। कारागार विभाग के स्टॉल पर तैनात मुख्य सिपाही ऋषिपाल ने बताया कि जेलों में बंदियों द्वारा तैयार किया गया यह सामान लोगों को काफी पसंद आ रहा है। आरामदायक कुर्सिया, मेज, फोल्डिंग मेज, लकड़ी से बना छोटा मन्दिर एवं विभिन्न प्रकार हस्त निर्मित सामान लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## मानव तस्करी का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी व मानव तस्करी मामले में गिरोह के चौथे आरोपी को रविवार देर शाम कैथल से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान पवन निवासी नई सैनी बस्ती जीन्द के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी फूल सिंह निवासी डेरा मुनक करनाल, प्रेम कुमार व तरसेम निवासी रसीन के साथ मिलकर ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने सोमवार को आरोपी पवन को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर जगजीत सिंह ने बताया कि डेरा सिंगपुरा सिठाना निवासी बीरचंद पुत्र मालकचंद की शिकायत पर थाना सदर में केस दर्ज है।

## मॉल की छत से गिरे दो बच्चे, हालत गंभीर

**पानीपत।** पानीपत में मॉल से गिर कर दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। चांदनीबाग थाना पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मबीर ने बताया कि घटना रविवार देर शाम की है। सेक्टर 12 के ऐंजल मॉल की छत से 12 वर्षीय लव और जोयेश निवासी वाल्मीकि बस्ती गंगापुरी रोड नीचे गिर गए। इधर, पुलिस प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों बच्चे मॉल की छत पर कबूतर पकड़ने चढ़े थे। जिसके बाद वह वहां से वापस नहीं उतर सके। दोनों ने वहां से उतरने के लिए लोगों से मदद मांगी। इससे पहले कि लोग कुछ कर पाते, दोनों करीब 40 फुट उंची छत से नीचे ही गिर गए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दामाद की मौत ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रामनगर में एक दामाद की संदग्धि परस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। क्योंकि मृतक वजीर अपनी ससुराल में ही रह रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के परिजन संजीव ने बताया कि 32 वर्षीय कुंजपुरा निवासी वजीर की शादी करीब 7 साल पहले रामनगर में हुई थी। वजीर करीब दो साल से अपनी पत्नी के साथ ससुराल रामनगर में ही रह रहा था। रविवार रात को वजीर की मौत हो गई लेकिन उसके ससुराल वालों ने उन्हें सूचना नहीं थी।

अन्य लोगों से उन्हें सूचना मिली है। वजीर की गर्दन पर कट का निशान है। इस लिए उनका शक है कि वजीर की उसके ससुराल पक्ष द्वारा ही हत्या की गई है। वहीं रामनगर थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि इस मामले की अभी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा की मौत हुई है या हत्या की गई है।

## पुलिस ने स्नैचिंग मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी कन्हैया को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस लाइन एरिया के भोज बहादुर ने 23 जुलाई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वीटा मल्कि प्लांट के पास मोटरसाइकिल सवार युवक ने उसका मोबाइल छीन लिया है।

**चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार**

थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी बंटी को गिरफ्तार किया है। चतांण गांव के सरपंच संदीप ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने सरकारी ट्यूबवेल व किसानों के ट्यूबवेलों से तार, स्प्रे पंप, बैटरी व खेती के औजार चोरी कर लिए हैं।

## घायल व्यक्ति की कार से दो लाख गायब

**इसराना।** रोहतक-पानीपत नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह इसराना की विश्वकर्मा कालोनी के सामने गोहाना की तरफ से आ रही एक गाड़ी अचानक सामने आए दो साईकिल सवारों को बचाने के चक्कर में संतुलन बिगड़ने से गड्ढों में उतर कर पेड़ से टकरा कर पलट गई। जिससे गाड़ी चालक एक मंदिर का महंत घायल हो गया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल बाबा को इसराना के पास एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहीं घायल महंत ने होश में आने के बाद कहा कि उसकी गाड़ी के डैशबोर्ड में रखे दो लाख दस हजार की नकदी गायब है। घायल योगी बाबा दिलराज नाथ ने बताया कि वह मूलरूप से बल्ला घरौंडा करनाल का रहने वाला है ओर गांव लूदाना जिला जींद के मंदिर में महंत है। सोमवार सुबह वह लूदाना से धर्मगढ़ जा रहा था। उसे धर्मगढ़ में आयोजित भंडारे में सहयोग राशि के तौर पर देने थे। हालांकि महंत ने दो लाख दस हजार गायब होने की सूचना अभी तक पुलिस को नहीं दी है।

### निगम के अतिरिक्त आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

# साफ किए प्वाइंट पर गंदगी फेंकी तो होगा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विनसिटी की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा हिडन कैमरों से शहर में कचरा उठान करने साफ सफाई किए गए प्वाइंटों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यदि कोई अब इन प्वांइटों पर खुले में कचरा फेंकेता हुआ मिला तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में सोमवार को नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार ने ट्विन सिटी में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** रेलवे मार्ग पर सफाई व्यस्था का निरीक्षण करते हुए निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई सुनील दत्त व संबंधित सफाई निरीक्षकों के साथ सोमवार को शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

### कहीं कचरे का ढेर नजर आने पर उसकी फोटो व्हाट्सएप पर डालें

उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह हर वार्ड में नियमित सफाई करवाएं। जहां पर गंदगी मिले वहां सफाई करवाएं। खुले में कचरा न डालने के लिए आमजन व दुकानदारों को समझाया। यदि फिर भी कहीं कोई दुकानदार खुले में या नालियों में गंदगी डालता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों को भी शहर में लगे सीएंडडी वेस्ट अर्थात निर्माण व विध्वंस सामग्री के ढेर को जल्द से जल्द उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने वार्ड के पार्षदों से संपर्क कर उनके क्षेत्र में जहां कचरे के ढेर हैं उनका उठान करना सुनिश्चित करें। सफाई व्यवस्था को बेहतर व सुदृढ़ बनाने के लिए शहरवासी भी निगम के इस अभियान में सहयोग करें। कहीं भी कचरे का ढेर नजर आए तो उसकी फोटो खींचकर सही पता समेत निगम के व्हाट्सएप नंबर पर डालें। उन्होंने शहर को सुंदर बनाने के लिए सभी शहरवासी सहयोग करने की अपील की।

# पति ने बेटों के साथ पत्नी को पीटा

## महिला की शिकायत पर तीनों के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पति पर पड़ोसन के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने का लगाया आरोप

कमरे में बंद कर अपनी मां को बेरहमी से पीटने पर पुलिस ने एक किशोर बेटे समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों में पति भी शामिल है। अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पिटाई की वजह से महिला बेहोश हो गई थी। करीब 3 घंटे बाद मां को होश आया तो डायल-112 पर कॉल करके खुद के साथ हुई मारपीट की सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं। महिला का आरोप है कि दोनों बच्चे उसके पति के कहने पर उसके साथ मारपीट करते हैं। पति पड़ोसन के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रहता है। पति के कई महिलाओं के साथ अवैध संबंध होने के भी आरोप महिला ने लगाए हैं।

अंबाला शहर की छोटी सब्जी मंडी की रहने वाली गुलबदन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार सुबह 11 बजे उसके बड़े बेटे मासूम व 15 साल के छोटे बेटे ने मिलकर उसे कमरे में बंद करके बुरी तरह से मारपीट की। बेटों ने इतना मारा कि वह बेहोश हो गई। इसके बाद भी मारते-पीटते रहे।पीड़िता ने बताया कि उसे कल दोपहर 2 बजे होश आया।

उसने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाया। जब पुलिस आई तो दोनों मौके से भाग गए। दोनों बेटे भागते हुए धमकी दे गए कि आज तो तू बच गई, दोबारा मौका मिला तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने बताया कि दोनों बेटों ने उसके पति मिराज आलम के कहने पर कमरे मे बंद करके मारपीट की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खबर संक्षेप**

## बदलाव की मांग कर रही है जनता : राणा

**रादौर।** आप की ओर से आयोजित की गई बदलाव यात्रा मंगलवार को सुबह 12 बजे रादौर में पहुंचेगी। जहां पर यात्रा का विधानसभा रादौर के कार्यकर्ता जोरदार स्वागत करेंगे। आप किसान विंग के प्रदेश सचिव ऋषिपाल राणा ने बताया कि रादौर में पदयात्रा का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी निर्मल सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव की मांग कर रही है। जिसको देखते हुए आप ने पूरे प्रदेश में बदलाव यात्रा का शुभारंभ किया है।

## पाटली से हमला, एक भाई की ऊंगलियां कटी

**यमुनानगर।** गांव सवाबड़ी में खेतों में पानी देते समय कुछ लोगों ने दो भाईयों पाटली से हमला कर दिया। हमले में एक भाई की तीन ऊंगलियां कट गई। सवाबड़ी निवासी मुस्तकीन ने बताया कि वह 14 दिसंबर को वह अपने चचेरे भाई मतलुब खान के ट्यूबवैल से पाईप लाईन डालकर खेत में पानी दे रहा था। पाइप लाइन आलमगीर के खेत से होकर जा रही थी। इस दौरान आलमगीर, ईकबाल, बग्गु खान, सलीम, असलम ने उस पर तथा उसके भाई रमजान पर हमला कर दिया। पाटली लगने से उसके भाई की तीन ऊंगलियां कट गई।

### प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम मार्केट कमेटी के सचिव को सौंपा ज्ञापन

# सब्जी मंडी आढ़तियों ने सरकार की अधिसूचना के विरोध में किया प्रदर्शन

आढ़तियों ने मार्केट फीस जमा कराने के लिए जारी की गई अधिसूचना वापस नहीं लेने पर अनिश्चितकालीन सब्जी मंडियों को बंद करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुननानगर

सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सदस्यों ने सरकार द्वारा एक मुश्त मार्केट फीस जमा कराने को लेकर जारी की गई अधिसूचना के विरोध में सोमवार को मार्केट कमेटी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने अधिसूचना वापस लिए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम मार्केट कमेटी के सचिव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सब्जी मंडी आढ़तियों ने सरकार पर ुउनका शोषण करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। सोमवार सुबह सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सैंकड़ो सदस्य जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी के नेतृत्व में मार्केट कमेटी कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम मार्केट कमेटी के सचिव को सौंपे ज्ञापन में कहा कि हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड पंचकूला द्वारा अधिसूचना जारी कर सब्जी मंडी के आढ़तियों को सब्जी बेचने पर एक मुश्त मार्केट फीस जमा करने के आदेश दिए हैं। जिससे सब्जी मंडी आढ़तियों में रोष है। उन्होंने कहा कि इससे पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उन पर शून्य प्रतिशत मार्केट फीस थी। मगर इस वर्तमान सरकार ने उन पर एक मुश्त मार्केट फीस जमा कराने की अधिसूचना जारी कर प्रदेश भर में सब्जी बेचकर अपने परिवारों का गुजारा चला रहे लाखों सब्जी अढ़तियों का धंधा चौपट करने का काम कर दिया है। जिससे सब्जी आढ़तियों में रोष व्याप्त है। मौके पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कहा कि सब्जी आढ़ती सरकार द्वारा जारी की गई इस अधिसूचना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और 20 दिसंबर को सब्जी मंड़ियां बंद करने का ऐलान करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इसके बाद भी अधिसूचना को रद्द नहीं किया तो सब्जी आढ़ती अनिश्चितकालीन रुप से सब्जी मंडियों को बंद करने पर मजबूर होगें। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

उन्होंने सरकार से सब्जी आढ़तियों के रोजगार को बचाने के लिए इस अधिसूचना को तुरंत प्रभाव से वापस लिए जाने की मांग की।



**यमुननानगर।** यमुनानगर के सब्जी आढ़ती एसोसिएशन के सदस्य अपनी मांगो को लेकर मार्केट कमेटी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने के दौरान मुख्यमंत्री के नाम कमेटी सचिव को सौंपे जाने वाले ज्ञापन की प्रति को दिखाते हुए।



# वैश्विक शक्ति के रुप में उभर रहा है भारतः मेयर

- यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुननानगर

जिले के गांव रामपुर माजरा में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के मेयर मदन चौहान ने भाग लिया। उन्होंने मौके पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणाकारी नीतियों से लोगों को अवगत करवाया। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यातिथि एवं मेयर मदन चौहान ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करने की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ रहित हो इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए हैं। मेयर ने मौके पर नागरिकों को एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मेयर मदन चौहान ने ऊषा रानी, गुरनाम, जगीरो देवी, महिन्द्र, शिव कुमार की मौके पर बनाई गई पेंशन के दस्तावेज वितरित किए। वहीं, स्वामित्व योजना के तहत पवन कुमार, राकेश कुमार, मोहन लाल, चांद किरण, रवि कुमार, नीलम रानी को रजिस्ट्री वितरित की गई। जबकि प्रगतिशील किसान चंद किरण व राजबीर को सम्मानित किया गया।

# भाजपा में कार्यकर्ताओं को दिया जाता है सम्मान : कंवरपाल

- गांव लाक्कड़ में गुरू रविदास मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों समेत अन्य गांववासी हुई पार्टी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव लाक्कड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल उपस्थित हुए। इस दौरान गांव की संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों समेत अन्य गांव वासी बीजेपी में शामिल हुए। शिक्षा मंत्री ने पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वाले में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर ट्रस्ट कमेटी लाक्कड़ के संस्थापक जनार्धन सिंह, प्रधान कंवर सिंह, मास्टर बलजीत सिंह, राजेश, अमित, आसी, सुशील, गुलशन, सागर, रिंकू, अनुराग,सैनिक, संदीप, बनीश, सुमित, पाला राम, दिला राम, राजू, शेर सिंह, सुनेहरा, मांगा राम, बिंदर आदि थे। शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी में हर कार्यकर्ता को मान सम्मान दिया जाता है। आज पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को पूरा मान सम्मान दिया जायेगा। गांव में किसी भी प्रकार के विकास कार्य को लेकर कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश की मनोहर सरकार जन सेवा के उद्देश्य से प्रत्येक नागरिक के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी समान रूप बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे है। हरियाणा में युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना पर्ची बिना खर्ची के सरकारी नौकरी दी जा रही है। मनोहर सरकार ने आज पूरे प्रदेश में जन कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाकर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया है ताकि वह व्यक्ति भी सरकारी योजनाओं से लाभांवित हो सके। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर के सपने को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल साकार कर रहे है। इस मौके पर पूर्व सरपंच बिरम लाक्कड़, सरपंच सुरेंद्र कुमार, नवाज पुर के सरपंच संजीव कुमार, प्रदीप, पितांबर सिंह, सुखबीर, राजू भीलपुरा आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** गांव लाक्कड़ में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को स्वागत करते शिक्षा मंत्री कंवर पाल। *फोटो : हरिभूमि*

# रसोई से मिलेगा पांच रुपये में भरपेट खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

समाजसेवी व उद्योगपति संदीप गर्ग की ओर से कांबोज धर्मशाला रादौर में बनाई गई रसोई का सोमवार को शुभारंभ किया गया। इस रसोई में पांच रूपये में भरपेट भोजन करवाया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्लोब हेरिटेज स्कूल में पढ़ने वाली छोटी सी बच्ची ने रिबन काटकर व समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा नारियल फोड़कर विधिपूर्वक शुभारंभ किया गया। कस्बे की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा रादौर में रसोई जैसे नेक कार्य को लेकर समाजसेवी संदीप गर्ग का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि यह रादौर वासियों की अपनी रसोई है। इस रसोई में प्रतिदिन लोगों को दोपहर 12 बजे से लेकर दो बजे तक पांच रूपए में भरपेट खाना मिलेगा। उन्होंने कहा कि रसोई का संचालन रादौर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन किया जाएगा। जो संस्था जिस दिन इस रसोई के लिए संचालन करेगी, उसी की जिम्मेदारी होगी कि किस प्रकार से इस रसोई को चलाना है। उन्होंने कहा कि जिस किसी व्यक्ति के पास भोजन करने के लिए यदि पांच रूपए भी नहीं है। उसे भी खाना वह धार्मिक व सामाजिक संस्था अपने पास से पांच रूपए देकर खाना खिलाएगी। जेएमआईटी के डायरैक्टर एसके गर्ग ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो यह नेक कार्य करवाया गया है। इसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। क्योंकि यह बहुत ही पुण्य का कार्य है। वहीं 19 दिसम्बर से दोपहर 12 बजे से दो बजे तक शहर के पुराने बस स्टैंड पर पांच रूपए में भरपेट खाना लोगों को वितरित किया जाएगा। मौके पर राजिंद्र कांबोज, जयप्रकाश कांबोज, गुरदयाल सैनी, लाडवा नपा प्रधान साक्षी खुराना, भाकियू जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, अशोक कुमार, मनजीत सिंह पंजेटा, अनिल गुप्ता आदि मौजूद थे।



**रादौर।** यमुनानगर के रादौर में आयोजित कार्यक्रम में रादौर रसोई का शुभारंभ करते संदीप गर्ग व नन्ही बच्ची।



## जरुरतमंदों की सेवार्थ के लिए अपने वेस्ट गर्म कपड़े करें दानः इस्लाम

**यमुनानगर।** सर्दी के मौसम में कोई जरुरतमंद ठंड में ना ठिठूरे, इसके लिए पढ़ो लिखो बढ़ो चैरिटेबल ट्रस्ट ने सोमवार को प्रतापनगर में परिधान संग्रह केंद्र का शुभारंभ किया है। परिधान संग्रह केंद्र में कोई भी व्यक्ति जरुरतमंदो की सहायता के लिए अपने पुराने पड़ चुके या फिर फालतु गर्म कपड़े व अन्य सामान को दान कर सकता है। ताकि ट्रस्ट द्वारा जरुरतमंदो को उन्हें देकर उनकी सहायता की जा सके। परिधान संग्रह केंद्र का शुभारंभ करते हुए ट्रस्ट के प्रधान मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि सर्दी का मौसम शुरु हो चुकी है। ऐसे में काफी लोग ऐसे हैं जिनके पास पहनने के लिए कपड़े नहीं हैं। जिनकी मदद के लिए ट्रस्ट द्वारा परिधान संग्रह केंद्र का शुभारंभ किया गया है। ताकि परिधान संग्रह केंद्र में संग्रह हुए कपड़ों को जरुरतमंदो को भेंटकर उनकी सेवा की जा सके और कोई भी सर्दी के मौसम में ठंड में ना ठिठुर सके। मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि लोगों के पास काफी कपड़े व अन्य सामान वेस्ट में पड़ा रहता है। वह उन्हें इस्तेमाल नहीं करते हैं। ऐसे कपड़ों व अन्य सामान से जरुरतमंदो का भला हो सकता है। इसलिए ट्रस्ट का प्रयास है कि परिधान संग्रह केंद्र के माध्यम से लोगों से उनके बेकार हो चुके कपड़ों का संग्रह कर उन्हें जरुरतमंदो को दे सकें।

# कर्मचारियों ने जिला सचिवालय के समक्ष किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को उससे जुड़े कर्मचारियों ने जिला सचिवालय के समक्ष कर्मचारी एसेंबली के नाम से प्रदर्शन किया और विभिन्न प्रस्तावों पर अपने विचार रखे। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

सोमवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से जुड़े सैंकड़ो कर्मचारी संघ के जिला प्रधान महीपाल सौदे के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कर्मचारी असेंबली के रुप में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सबसे पहले हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के दिवंगत रिटायर्ड कर्मचारी विजय शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई। उनकी याद में असेंबली में शोक प्रस्ताव पारित किया गया व दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर असेंबली में संघ के राज्य महासचिव नरेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार सरकारी विभागों में लगभग दो लाख के करीब खाली पड़े पदों पर नियुक्तियां करने की बजाए कौशल निगम के तहत भर्ती कर रही है। जो न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि आज विधायक और सांसद की उनके शपथ लेते ही पेंशन स्कीम लागू हो जाती है। जबकि सरकारी विभाग के कर्मचारियों की 58 साल तक नौकरी करने के बाद भी रिटायरमेंट पर नाममात्र की पेंशन दी जाती है। यदि सरकार कर्मचारियों की माँगो व समस्याओं को लेकर जल्द ही संघ के साथ बातचीत करके समाधान नही करती है तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 4 फरवरी को रोहतक में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय आक्रोश रैली में बड़ा निर्णय लेने पर मजबूर होगा। इस अवसर पर असेंबली में प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर कई प्रस्ताव पास किए गए और सरकार से उनकी मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग की। मौके पर सीटू से रामकुमार कांबोज, विनोद त्यागी,रोशन लाल, रेखा सैनी,गुरविंदर कौर, महिला जनवादी समिति से राजेश्वरी, वेदवती व सुरेंद्र आदि मौजूद थे।




यमुनानगर के जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से जुड़े कर्मचारी।



## सुशील कुमार बने उद्योग व्यापार मंडल शाखा खारवन के प्रधान

**यमुनानगर।** उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के सदस्यों की बैठक गांव खारवन स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में शाखा खारवन रोड की टीम का गठन किया गया। जिसमें सुशील कुमार को प्रधान नियुक्त किया गया। मंडल के पदाधिकारी संजय मित्तल ने बताया कि बैठक में मुख्या रूप से अध्यक्ष महेंद्र मित्तल उपस्थित हुए। उनके सामने कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मास्टर जीवन राम को शाखा का सरपरस्त नियुक्त किया गया। इसके साथ ही जसबीर पाल, सुरेंद्र सिंह व तेजिंदर को शाखा उपप्रधान बनाया गया। शैंपी कक्कड़, योगेश कांबोज, संजीव अरोड़ा को शाखा सचिव बनाया गया। विकास कांबोज को गांव भूखड़ी का प्रधान बनाया गया। प्रदेशाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का मालाएं डालकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर हम सब को एकजुट होना होगा। जिससे हम विपरीत स्थितियों का सामना कर सकें।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना सदर एरिया में हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वाहन चालकों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में रेतगढ़ दौलतपुर जगीर गांव निवासी हरविंद्र सिंह ने बताया कि वह शाम को बाइक पर दामला से अपने गांव जा रहा था। उसके आगे उनके गांव का ही सुरेंद्र कुमार अपनी बाइक पर जा रहा था। उसके पीछे बैंडी गांव का सनजीत भी बैठा था। जब वह दामला-कुंजल रोड पर कृष्णा प्लाईवुड से पहले दामला में पहुंचे ही थे कि सामने से एक तेज रफ्तार कार आई। उसने सीधे सुरेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सुरेंद्र व सनजीत नीचे गिर गए। आरोपी कार चालक ने अपनी कार को रोक कर उनके पास आया। कार चालक की पहचान घड़ी बंजारा निवासी जसविंद्र कुमार के तौर पर हुई। उसने एंबुलेंस की मदद से सुरेंद्र व सनजीत को सिविल अस्पताल यमुनानगर में ले जाया गया। उपचार के बाद उन्हें पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां इलाज के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई। सनजीत का इलाज अस्पताल में चल रहा है। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### साढ़ौरा के पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कार्यक्रम में लिया भाग

# बीपीएल कार्ड बनने पर ग्रामीणों ने सरकार का जताया आभार

- गांव भंभौली व कोतरखाना में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुननानगर

साढ़ौरा के गांव भंभौली व कोतरखाना में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में बीपीएल कार्ड बनाए जाने पर ग्रामीण रामकुमार, तिलक राज व जगदीश ने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में साढ़ौरा के पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों को मौके पर बनाए गए बीपीएल कार्डोंर् को वितरित किया। मुख्यातिथि एवं पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव-गांव में पहुंचने से ग्रामीणों को सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

इस दौरान किसी की पेंशन बन रही है तो किसी के बीपीएल कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई।

इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नही था। मौके पर राजकुमार, सुरेश, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, ममता रानी की पेंशन बनाई गई। वहीं, राम कुमार, तिलक राज, जगदीश के बीपीएल कार्ड बनाए गए।

समाजसेवी कृष्ण पाल, जयपाल, शेरपाल, मामचंद, तरसेम, सोहन लाल गोयल, राजकुमार, विनोद राणा, नरेन्द्र राणा को सम्मानित किया।





**यमुनानगर।** साढ़ौरा हल्के गांव भंभौली में ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह व रादौर हल्के के गांव अकालगढ़ में लाभार्थियों को दस्तावेज वितरित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज।

## अकालगढ़ व दुसानी में भी हुए जनसंवाद कार्यक्रम

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत सोमवार को पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज द्वारा गांव अकालगढ़ व दुसानी में केन्द्र व हरियाणा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान स्वामित्व योजना के तहत दशरथ, संजय कुमार, असलम, अनूप, अशोक कुमार, बलविंदर कुमार, जसबीर सिंह, सोमवीर, सोमनाथ को रजिस्ट्री वितरित की गई। मौके पर नवाबो बेगम, मुस्कान की पेंशन बनाई गई।

## खबर संक्षेप

### हषुल सोढ़ी ने गायन प्रतियोगिता में मारी बाजी

**पिहोवा।** स्थानीय डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पिहोवा के 12वीं कक्षा के छात्र हषुल सोढ़ी ने बाल महोत्सव के अंतर्गत रेवाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय एकल गायन प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसके बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य एन.सी. बिंदल ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा के विभिन्न जिलों से प्रतियोगी आए हुए थे। प्रतियोगिता में हषुल सोढ़ी ने द्वितीय पुरस्कार जीतकर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।

### लोगों को साईबर क्राइम के बारे किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कानूनी जागरूकता के लिए स्टॉल नंबर 52-53 लगाई गई है। जहां पर मुफ्त कानूनी सहायता के साथ-साथ अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। स्टॉल पर डीएलएसए द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया गया और लोगों को साईबर क्राईम के बारे में जागरूक किया गया।

### ग्लोब हेरिटेज ने कराटे में लहराया परचम

**लाडवा।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटर डोजो डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप 2023 में परचम लहराया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट कराटे एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की तरफ से इंटर डोजो डिस्ट्रिक्ट कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें लगभग 350 से ज्यादा खिलाडियों ने भाग लिया।

### खनिज लवण के महत्व के बारे में किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड हरियाणा व पशुपालन डेयरी विभाग कुरुक्षेत्र के सहयोग से गांव किरमच में पशुपालक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसमें धर्मवीर मिजार्पुर चेयरमैन हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। चेयरमैन ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

### इच्छाओं की पूर्ति से ज्यादा इच्छाओं का दमन जरूरी

**कुरुक्षेत्र।** ज्योतिसर तीर्थ में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन अवसर पर गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा आयोजित भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने कहा कि मनुष्य चाहता है कि हमारे सभी इच्छाएं पूर्ण हो लेकिन आश्चर्य है कि संसार की किसी भी प्राणी की सभी इच्छा कभी पूरी नहीं हुई है।

### फल की चिंता छोड़ कर्म पर ध्यान देना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमदभगवदगीता का संदेश स्पष्ट है कि आत्मा अमर है, देह क्षणभंगुर है। अतः उसका उपयोग स्वधर्म के लिए करना चाहिए। हमें सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और फल की चिंता छोड़कर अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार।







# लोक वाद्य यंत्रों से पर्यटकों के मन को लुभा रहे कलाकार

## गीता महोत्सव में चारों तरफ रौनक, कलाकार वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों से सभी का दिल जीत रहे



कुरुक्षेत्र। सपेरा बीन पार्टी के कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां चारों तरफ रौनक है, वहीं लोक कलाकार ब्रह्मसरोवर के किनारे अपने लोक वाद्य यंत्रों से पर्यटकों को लुभाने का काम कर रहे है। यह कलाकार वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों से सभी का दिल जीतने का काम कर रहे है। अहम पहलू यह है कि इस लोक वाद्य यंत्र बीन से निकलने वाली धुन ब्रहमसरोवर के पवित्र जल में मधुर स्वर लहरियों से नई तरंगे जागृत करने का काम कर रही है और ब्रहमसरोवर के जल में उठ रही यह तरंगे ऐसे लग रही है जैसे वो भी इस माहौल में रमकर नृत्य कर रही हो। विभिन्न कलाकारों के बीच में से एक सपेरा बीन पार्टी अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महोत्सव में जगह-जगह घूम कर अपनी लोक वाद्य कला बीन का प्रदर्शन कर रही है। इस बीन पार्टी द्वारा लोगों का का मनोरंजन भी कर रहे है। पार्टी में शामिल बुजुर्ग कलाकार भी बीन बजा, तुम्बा और ढोल बजा कर लोगों का ध्यान अपनी आकर्षित कर रहे है। उनकी इस कला के लिए वे कई बार सम्मानित भी हो चुके है। ये कलाकार अपनी इस कला का प्रदर्शन इटली और दुबई में भी कर चुके है और पिछले कई वर्षों से गीता महोत्सव में आ रहे है। उनकी कला के प्रति पर्यटकों का उत्साह और रुझान निरंतर बढ़ रहा है।

### लोगों को खूब भा रहा असमिया भोजन



कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा के लोग इस बार थीम पार्टनर स्टेट असम के व्यंजनों का भरपूर मजा ले रहे हैं। यही नहीं वह खाने के साथ-साथ इन्हें बनाने में भी अपने दिलचस्पी दिखा रहे हैं। असम पवेलियन में घुसते ही मंच से दाएं और मुड़ते के बाद असम व्यंजनों की स्टॉल लगी हुई है जिसमें पहली स्टॉल पीठा की है। स्टॉल लगाने वाली अंजुमोनी भट्टाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि पिता असम का प्रसिद्ध व्यंजन है और यह एक प्रकार की घरेलू मिठाई की तरह है। इसे बनाने के लिए चावलों को पूरी रात भिगोकर और इसके बाद उन्हें सुबह थोड़ा सा सुखाया जाता है और उसके बाद फिर उन्हें कूटा जाता है। कूटने के बाद उन्हें महिम छाना जाता है। फिर उसके बाद उन्हें बड़े तवे पर सुखाया जाता है। तवे पर सूखने के बाद थोड़ा पानी डालकर उसका रोल बनाया जाता है और उसमें तिल इत्यादि मिलाकर तैयार किया जाता है। अंजुमोनी भट्टाचार्य ने बताया कि इसमें तिल के साथ-साथ नारियल डालकर तिल पीठा भी बनाया जाता है, जिसे तिल पीठा कहते हैं।

### असम पवेलियन के मंच पर कलाकारों ने दी जनजातीय तीवा नृत्य की प्रस्तुति



सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दिन असम पवेलियन में बनाए गए मंच पर असम के कलाकारों ने जनजातीय तीवा नृत्य की प्रस्तुति दी और असम की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भरपूर प्रयास किया इस पवेलियन में हरियाणवी लोगों ने असम के नृत्य को खूब सराहा। असम सरकार की सांस्कृतिक अधिकारी जीना राजकुमारी (गुरु अवॉर्ड प्राप्त) ने जानकारी देते हुए बताया कि तीवा एक तरह का जनजातीय नृत्य है जिसका नाम लैंगखू है। तिवा जनजाति मिडिल असम में रहती है और वह प्रकृति की पूजा करते हैं। मछली पकड़ना इस जनजाति का मुख्य कार्य है। यह जनजाति मछली पकड़ने का काम जब सामूहिक रूप में करती है और प्रकृति की पूजा करती है तो वह एक नदी के किनारे इक_ होकर तीवा नृत्य करते हैं और बांस से बने उपकरणों के साथ मछलियों को पकड़ते हैं। ये लोग हर्षोल्लास के साथ प्रकृति की पूजा कर आनंद विभोर होते हैं उस समय यह नृत्य किया जाता है।

### प्रतिपादित सामाजिक समरसता विषय पर मंथन



**कुरुक्षेत्र।** गीता जयंती के पावन अवसर पर आठवीं अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में सोमवार को संस्कृत-पालि-प्राकृत विभाग द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता में प्रतिपादित सामाजिक समरसता विषय पर मंथन किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. वीरेन्द्र अलंकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता मानव को जीवन की विकट समस्याओं में मार्ग दिखाती है व समाज को एक सूत्र में बांधती है। वर्तमान सामाजिक परिस्थिति के सन्दर्भ में श्रीमद्भगवद्गीता की प्रासंगिकता को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता की वर्ण व्यवस्था समाज को व्यवस्थित रूप प्रदान करती है।

### कुविश व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में चमक बिखेर रहा हरियाणा पैवेलियन

**कुरुक्षेत्र।** जीवन में कामयाब होना है तो हर परिस्थिति में अपनी संस्कृति, परंपरा व रीति-रिवाज से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। इस विषय पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा पवेलियन अपनी चमक गीता जयंती समारोह में बिखेर रहा है। हरियाणा की संस्कृति को देखने के लिए लोगों की अपार भीड़ उमड़ रही है। महोत्सव के दूसरे दिन हरियाणा पवेलियन में युवा हरियाणवी लोकगीतों पर खूब झूमे। प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए यह पगड़ी वाले बुजुर्ग ढूंढते रह जाओगे। हमें अपनी बुजुर्गों का मान सम्मान करना चाहिए। दर्शकों का जहां मनोरंजन किया जा रहा था वहीं उन्हें हरियाणा की प्राचीन लोक विधाओं से रूबरू भी कराया गया।




कुरुक्षेत्र। सेल्फी लेते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

डॉ. हरविंदर राणा व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों ने पूरा दिन दर्शकों को बांधे रखा। हरियाणवी कलाकार सूरज बेदी ने खास तौर पर जिन विधाओं में गायन शैली की पहले उनके बारे में विस्तार से बताया और फिर लोगों का मनोरंजन किया।

#### बुणाई कला को उजागर कर रहा हरियाणा पैवेलियन

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ हरियाणवी लोक कला बुणाई को भी पर्यटकों तक पहुंचा रहा है। यहां पर खाट बुणाई, पीढ़ा बुणाई तथा खटौला बुणाई की स्टॉल पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का हमेशा यह प्रयास रहता है कि हरियाणवी संस्कृति का अधिक से अधिक विकास व विस्तार हो। इसके विषय में हरियाणा पैवेलियन के संयोजक प्रो. महासिंह पूनिया ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बुणाई कला हरियाणवी लोक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, आवश्यकता है इसके इतिहास को संरक्षित करने की।

### हिन्दू चिंतन धारा में सदैव जानने का महत्व : डॉ. स्वामी शाश्वतानंद गिरी

**कुरुक्षेत्र।** महामंडलेश्वर पूज्य डॉ. स्वामी शाश्वतानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि हिन्दू चिंतन धारा में सदैव जानने का महत्व रहा है, मानने का महत्व नहीं रहा। सम्पूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति, चिंतन, ज्ञान परम्परा व समग्रता का भाव विशिष्ट पहचान रहा है। मनुष्य को दूसरे को अस्तित्व के साथ देखने के साथ स्वयं के अस्तित्व के प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। वे सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, हरियाणा सरकार के सहयोग से वसुधैव कुटुंबकमः श्रीमदभगवद् गीता और वैश्विक एकता विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन सेंटर फॉर डॉ. बी.आर अम्बेडकर स्टडीज द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता और महाभारत की ऐतिहासिकता विषय पर आयोजित विशेष सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

## 700 श्लोकी संपूर्ण गीता परायण का संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶। थानेसर

गौशाला महासंघ ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गोसेवा हित में 456 करोड़ रुपये का बजट वित्तीय वर्ष के दौरान रखने के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया। महासंघ ने मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने ऐसा करके गोसेवक होने का प्रमाण दिया है। महादेव गौशाला बाहरी में आयोजित गौशाला महासंघ की विशेष प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने सरकार के इस कदम की जमकर सराहना की। बैठक में प्रदेश की विभिन्न गौशालाओं के जिलाध्यक्षों व 95 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महादेव गौशाला के प्रधान सुरेंद्र गोयल ने बताया कि बैठक में गौशाला महासंघ ने मुख्यमंत्री द्वारा 456 करोड़ का बजट गऊ हित के लिए वित्तीय बजट में रखने पर सर्वसम्मति से आभार जताते हुए कहा कि आज तक 41.5 करोड रुपए ही खर्च किया गया। बैठक में चर्चा की गई कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि सडकों पर बेसहारा घूम रहे गौवंश को गौशालाओं व नंदीशालाओं में आश्रय दिया जाएगा तो यह बजट बेसहारा गोवंश पर अधिक खर्च किया जाएगा। बैठक में मांग की गई कि गौशाला में प्रतिदिन प्रति गोवंश के हिसाब से 50 रुपये चारा अनुदान राशि प्रदान की जाए तो सडकों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश को सभी गौशालाएं लेने को तैयार हैं और यह अनुदान राशि प्रति माह दी जाए।



थानेसर। गौशाला महासंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते गौशालाओं के प्रतिनिधि।

## सतयुग दर्शन ट्रस्ट ने ब्रह्मसरोवर परिसर में निकाली जागरूकता यात्रा

- यात्रा में शामिल ट्रस्ट के सदस्यों ने मानव धर्म को अपनाते हुए श्रेष्ठ बनने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान रविवार को सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल ट्रस्ट के सदस्यों ने मानव धर्म को अपनाते हुए श्रेष्ठ बनने का संदेश दिया। इस दौरान सतयुग दर्शन ट्रस्ट के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति द्वार बच्चों ने सभी को सिखाया कि हमें सब सबको मिल जुलकर रहना चाहिए। ट्रस्ट के सदस्यों ने स्टॉल नंबर 613 से लेकर सावित्री घाट तक पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में ट्रस्ट के स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल, सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, अनु ललित, वरुण छाबड़ा, साक्षी, मोना, ईशा, दर्शन, सुखदीप, उर्वशी, मनीषा, अंजू कोहली, रितु ,रिशु, सरोज , कृष्ण गुलाटी, ओम प्रकाश छाबड़ा, पूजा गुलाटी अंबाला और रायवाली वॉलिंटियरों ने भाग लिया। आओ जागे और जगाएं, सतयुग की ओर कदम बढ़ाए और हम एक ही जोत से उपजे है और एक ही अपना नाता है एक ही हमारा नारा है मानव धर्म हमारा है आदि नारों से सारा वातावरण गूंज उठा।



कुरुक्षेत्र। बार एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण गुप्ता व अन्य पदाधिकारी।

## जिला बार एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

**कुरुक्षेत्र।** जिला बार एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता, उप प्रधान अंकित गौतम, महासचिव रविंद्र सांगवान, संयुक्त सचिव तुषार सैनी, कैशियर शिवम शर्मा व महिला कार्यकारिणी सदस्य मंजू वर्मा ने बार के पूर्व प्रधानों व बार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में कार्यभार संभाल लिया। प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता ने बार के सदस्यों का मान सम्मान व गरिमा को बढ़ाने के लिए पूरी शिद्दत के साथ इमानदारी व पारदर्शिता से कार्य करने का आश्वासन दिया।

## संकल्प यात्रा से पात्र ले रहे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लाडवा

भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश में शुरू की गई भारत विकास संकल्प यात्रा एवं जन संवाद से प्रदेश के गांवों में पात्र लाभार्थियों को लाभ मिल रहा हैं। उनकी समस्याओं का या तो मौका पर ही समाधान होता हैं नहीं तो भविष्य में जल्दी समाधान होने का मार्ग प्रशस्त होता हैं। इलाके के गांव बुढा में लोगों से रूबरू डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का लक्ष्य समाज के गरीब, जरूरतमंद लोगों के आर्थिक, सामाजिक उत्थान करने के लिए अनेक प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। पिछले नौ साल में बुढापा पैंशन, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला गैस योजना, किसानों को ऋण की सुविधा के साथ बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्य किया गया हैं। प्रदेश में सभी जनहितैषी नीतियों का लाभ घर बैठे ही लोगों को मिलता हैं। 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर पात्र लोगों की सभी प्रकार की पैंशन बनकर घर सूचना मिलती है। इसके बाद भी अनेक ऐसे लोग वंचित रह रहे थे जो कि किसी कारणवश सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे।



लाडवा। गांव बुढा में संकल्प यात्रा में उपस्थित डॉ. गणेश दत्त।

## निस्वार्थ एवं निष्काम भाव से की गई सेवा ही फलदाई : कुमारी सविता



**कुरुक्षेत्र।** स्थानेश्वर महादेव मंदिर के तत्वावधान, ब्रह्मलीन महंत प्रभातपुरी के आशीर्वाद से और महंत बंसीपुरी की प्रेरणा व स्वामी रोशन पुरी जी के सानिध्य में शहर की अग्रणी समाजसेवी संस्था श्रीस्थाणु सेवा मंडल की शीतकालीन सेवा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेक्टर 13 मे जरूरतमंद बच्चों को कुमारी सविता प्रधायपिका राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीपली के सहयोग से जर्सियां वितरित की गई। इस अवसर पर कुमारी सविता ने कहा कि निस्वार्थ एवं निष्काम भाव से की गई सेवा ही फलदाई है। इंसान को अपने सामर्थ्य अनुसार सेवा अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधान दर्शन पाहवा, प्रेम मदान, अनिल पोपली, दिनेश गाबा, रमेश सचदेवा, कुलदीप सैनी, राज रानी, अजीत पाल,विनोद कुमार, रेनु,आदि उपस्थित रहे।

## धर्मक्षेत्र विश्व को दे रहा है कर्म करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते हरियाणा के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल।

हरियाणा के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के उपदेश दिए। इस धर्मनगरी से पूरे विश्व को कर्म करने का संदेश मिल रहा है। इस कर्मभूमि की धरा पर 23 दिसंबर को होने वाले दीपोत्सव में दीपकों की रोशनी से पूरी दुनिया महक उठेगी। सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल सोमवार को देर सायं ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में महोत्सव के गीता महाआरती कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल, पर्यटन विभाग के चेयरमैन डा. अरविंद यादव, हरियाणा डेयरी एवं पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, केडीबी सीईओ एवं एडीसी अखिल पिलानी, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने विधिवत रुप से पुरुषोत्तमपुरा बाग में सायं कालीन सांस्कृतिक संध्या का दीपशिखा प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। इस दौरान सहकारिता मंत्री ने कलाकार सुमित्रा गुहा व कलाकार बीना मेहता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम से पहले सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल व पर्यटन विभाग के चेयरमैन डा. अरविंद यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर ब्रह्मसरोवर की महाआरती और पूजा-अर्चना की तथा दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रुप से महाआरती का शुभारम्भ भी किया। इस महाआरती का गुणगान पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र ने किया।

### 'श्रीमद भागवत गीता की राह... वाह जिन्दगी वाह' कार्यक्रम

## आत्मा की उन्नति के लिए कर्म करें: प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय सोनीपत की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने कहा कि हमें अपनी आत्मा की उन्नति के लिए कर्म करना चाहिए, न कि शरीर की सुन्दरता के लिए। वे ब्रह्माकुमारीज संस्थान के विश्व कल्याण सरोवर सोनीपत (दिल्ली जोन) में गीता जयन्ती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 'श्रीमद भागवत गीता की राह... वाह जिन्दगी वाह' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त कर रहीं थीं। कुलपति ने कहा कि गीता हमें निष्काम कर्म का उपदेश देती है और उसे अपने जीवन में उतारने की कला भी सिखाती हैं।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते अतिथि, नीचे दीप प्रचलित करते अतिथिगण व उपस्थिति।

उन्होंने कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुक्त कण्ठ से सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि उनके ऐसे प्रयासों से ही स्वच्छ, सुंदर और सुदृढ़ समाज की स्थापना हो सकती है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु स्मृति के सुन्दर गीत से किया गया।अतिथियों का मंच पर आगमन व स्थान ग्रहण पश्चात पुष्प गुच्छ, बैज व तिलक से स्वागत हुआ। राम कृष्ण साधना केंद्र मुरथल के श्री श्री 1008 डा. स्वामी दयानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि मानव को गीता को समझना पड़ेगा। परमात्मा बोले तो वेद मंत्र, लेकिन जब परमात्मा बोल रहे थे, सुन कितने रहे हैं।

गीता का मूल है नष्टोमोह, लेकिन सुनने के बाद भी कोई असर नहीं। तोते की भांति बस लोग पढ़ते रटते जा रहे हैं, अगर जीवन में उन्नति चाहिए, तो गीता को अमल में लाना होगा। गीता अध्यात्म चेतना को जागृत करने का ग्रंथ है। ब्रह्माकुमारीज के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि कई लोग मुझसे मिलते हैं और कहते हैं कि वहाँ जाने से मेरा जीवन सुधर गया है। मेरे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि समाज को सुधारने और प्रभु के मार्ग पर ले जाने के लिए आपने अपने जीवन का होम कर दिया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. आबिद अली ने कहा कि गीता का उपदेश कहता है कि मैं इस सृष्टि का मूल हूं और सब पंथ इस बात को मानते हैं। अतः इस बात को स्वीकार करना पड़ेगा कि भगवान एक है।

## खबर संक्षेप



अंबाला। बाल विवाह व अपराध को लेकर छात्रों को शपथ दिलाते हुए एमडीडी ऑफ इंडिया के पदाधिकारी।

### विद्यार्थियों को दिलाई बाल विवाह न करने की शपथ

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा सुरक्षित भारत अभियान के तहत जिले में अलग अलग सरकारी व निजी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रमों के दौरान उन्होने छात्रों को बाल विवाह नहीं करने और बाल शोषण, बाल अपराध और बाल तस्करी रोकने हेतू शपथ दिलाई। एमडीडी ऑफ इंडिया से अजय ने कहा कि किशारियों के लिए समुचित शक्षिा, स्वास्थय का प्रबंध नही होने के कारण अधिकांश लड़कियों की आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छुट जाती है। उन्होंने बेटियों को कम उम्र में शादी नहीं करने की अपील की व विभन्नि प्रकार के दुर्व्यवहारों की जानकारी दी।

## सरस्वती विद्या निकेतन में मेला आयोजित, कई स्पर्धाओं में बच्चों ने मचाई धूम

# फीस्ट ऑफ लर्निंग मेले में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां, जमकर परिजनों ने बजाई तालियां

खेल प्रतियोगियों को जीतने पर आकर्षक इनाम दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सरस्वती विद्या निकेतन के प्रांगण में 'फीस्ट ऑफ़ लर्निंग' मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे नीसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.कुलभूषण शर्मा पधारे थे जबकि गेस्ट ऑफ आनर के तौर पर डॉक्टर विवेक मल्होत्रा व सुनील मुंजाल ने गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विद्यालय के अध्यक्ष आशुतोष गौड़ तथा प्रधानाचार्या रुचि गौड़ द्वारा मुख्य अतिथि तथा आए हुए मेहमानों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। मेले में विभिन प्रकार के 'फूड स्टॉल- साउथ इंडियन स्टेशन, मां का प्यार, स्वाद का चटकारा,टेस्टी टेरेस में स्वादष्टि व्यंजनों को देख कर तमाम लोगों के मुंह में पानी आ गया। खेल स्टाल- डबल ट्रबल, ब्रेन वेव, हार्टलेस वॉरियर, बूम ब्लास्टर जैसी खेलों को खेलने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी। खेल प्रतियोगियों को जीतने पर आकर्षक इनाम दिए गए। विद्यालय के अनूठे कलाकारों ने एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रोग्राम का प्रदर्शन किया। जिसे देख कर वहाँ उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति 'बेबी शो' ने तो कार्यक्रम में चार चाँद ही लगा दिए।जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।'बेबी शो' में नर्णियक गण डॉक्टर अनुपमा मल्होत्रा, डॉक्टर लवलीत कौर ने विजेताओं को सर्टिफिकेट पर ट्रॉफियाँ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में 'लक्की ड्रा' ने चारों ओर धूम मचा दी। लॉटरी टिकट में फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलइडी और कई अन्य आकर्षक इनाम निकले जिससे सारे वातावरण में खुशी की लहर दौड़ गई।कार्यक्रम के अंत में वद्यिालय के अध्यक्ष आशुतोष गौड़ तथा नर्दिेशिका रेणू दुबे ने आए हुए मेहमानों का धन्यवाद किया।





अंबाला। समारोह में रंगारंग प्रस्तुति देते छात्र व मौजूद मुख्यअतिथि व अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

### वॉलीबॉल खेल रहे युवक पर हमला

■ हमलावरों ने लाठी व नुकीले हथियार से बाजू और कमर पर वार किए

**अंबाला।** वॉलीबॉल खेल रहे युवक पर गांव के 3 युवकों ने रास्ता रोक हमला कर दिया। हमलावरों ने डंडे व नुकीले हथियार से हमला करने के साथ-साथ प्राइवेट पार्ट पर लात मारी। पीड़ति का आरोप है कि हमलावर से जान से मारना चाहते थे। ऐन वक्त पर पहुंचे उसके भाई ने उसे छुड़वाया और उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। गांव गंगनहेड़ी के अक्षित ने बताया कि वह शाम को आंगनबाड़ी के पास खेल ग्राउंड में वॉलीबॉल खेल रहा था। इसी बीच, वहां अनुज, हरदीप व हर्ष वहां आए और तीनों ने गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। शिकायतकर्ता के मुताबिक, हमलावरों ने उसके ऊपर लाठी व नुकीले हथियार से बाजू और कमर पर वार किया। वह घर की तरफ जाने लगा तो उसका रास्ता रोक प्राइवेट पार्ट पर लात मारी। उसकी आवाज सुन मंदिर के पास खड़ा उसका भाई अभिषेक भी मौके पर पहुंचा और आरोपियों की चंगुल से छुड़ाया।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन ड्राई-डे घोषित करे राज्य सरकार

■ सामाजिक, धार्मिक व सियासी लोगों ने सरकार से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़ एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विभन्नि संगठनों के लोग।

भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को एक भव्य समारोह का आयोजन प्रस्तावित है। इस दिन भगवान राम अपने नवनर्मिति मंदिर में प्राण प्रतष्ठिति किया जाएगा। इस पर क्षेत्रवासियों की मांग है इस दिन शराब मांस मदिरा इत्यादि पर पाबंदी रहे। इसको लेकर शहर के सभी नागरिक एकमत हो सोमवार सुबह 11 बजे रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए।इसमें बार एसोसिएशन, प्रॉपर्टी एसोसिएशन जिला परिषद चेयरमैन एवं अन्य धार्मिक संस्थाएं का ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

और अपनी अपनी राय सबके समक्ष रखी। और राम मंदिर के अनावरण के मौके पर शराब मांस मछली इत्यादि समान पर रोक लगाने की बात कही। एसडीएम को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन देने का नर्णिय लिया गया। ज्ञापन में कहा की सरकार 22 जनवरी 2024 को अयोध्या मंदिर के शुभ मुर्हुत एवं गर्भ ग्रह में मूर्ति स्थापना के मौके पर ड्राई डे घोषित करे। शराब मांस मछली सभी प्रकार के तामसिक वस्तुओं पर रोक लगाई जाए।



### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 246 मरीजों को जांचा, साहिबजादों की शहादत को किया नमन

**बराड़ा।** हरगोबिंदपुरा कॉलोनी में छोटे साहिबजादों की शहीदी दिवस को समर्पित जनसेवा कार्यक्रम के तहत सोनिया परोचा जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अंबाला की अध्यक्षता में गुरु रविदास मंदिर में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें समाजसेवी रजत मलिक के छोटे भाई गौरव मालिक ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर कैंप का शुभारंभ किया। परोचा ने कहा कि हमें अपने गुरुओं व महापुरुषों के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर मानव सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर गुरु रविदास सभा के प्रधान महेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि का फूल माला के साथ स्वागत किया। कैंप में 246 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई जरूरतमंद लोगों को फ्री दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को सिरोंपा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरु रविदास सभा हरगोविंदपूरा के प्रधान महिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# गुरु तेग बहादुर के शहादत दिवस पर शहर में निकाला नगर कीर्तन

■ लोगों ने मत्था टेककर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारों के आगे शीश नवाते हुए ओंकार सिंह व अन्य।

इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि विश्व मे ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जहां किसी अन्य की खातिर किसी ने स्वेच्छा से बलिदान दिया हो। ऐसी ही विलक्षण शख्सियत थे सिखों के नोवें गुरु हिंद दी चादर गुरु तेग बहादुर साहिब जी। उनके बलिदान दिवस पर सोमवार को नगर कीर्तन का आयोजन गुरूद्वरा श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी कच्चा बाज़ार में किया गया। यहां ओंकार सिंह ने धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब व पांच प्यारो के आगे शीश नवाया और कहा कि मुगल शासक औरंगजेब ने जब कश्मीरी ब्राह्मणों को जबरन इस्लाम कबूल करवाना चाहा तब गुरु ने धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सद्धिांत की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आततायी शासक की धर्मविरोधी और वैचारिक स्वतंत्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरुद्ध कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर का बलिदान एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी। यह उनके नर्भिय आचरण, धार्मिक अडिगता और नैतिक उदारता का उच्चतम उदाहरण था।



### हजारों बच्चों ने दी नॉट 2023 की परीक्षा, अव्वल रहने वाले छात्रों को मिलेगा विदेश जाने का मौका

*अंबाला। नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) द्वारा आयोजित नेशनल एनालिटिकल एप्टीट्यूड टेस्ट-2023 (नॉट -2023) में सोमवार को दर्जनों स्कूलों के हजारों बच्चों ने परीक्षा दी। निसा ने इस परीक्षा के लिए अलग अलग स्कूलों में कई सेंटर बनाए थे। नॉट -2023 परीक्षा के नेशनल टॉपर को निसा कैंब्रिज, यूके एजूकेशनल टूर पर ले कर जाएगी। निसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि देश के प्राइवेट स्कूलों की शक्षिा अंतरराष्ट्रीय स्तर की हो। देश के बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शक्षिा में उच्च मुकाम हासिल करें ताकि हमारा देश शक्षिा के क्षेत्र में वश्वि गुरु बन सके। इसी सोच के तहत निसा नॉट एग्जाम करा रही है। इस परीक्षा को निसा बीते छह सालों से पूरे देश में करा रही है। जिसमें देश के विभन्नि राज्यों से हजारों वद्यिार्थी भागीदारी करते हैं। इस वर्ष एग्जाम का दौर बेहद सफल रहा है।*

# रक्तदान से तनाव-नकारात्मक विचार नष्ट: पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

■ गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादो की शहादत की याद में लगाया कैंप

गांव खान अहमदपुर में स्थित ब्राइट फ्यूचर अकाल अकादमी में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) और गुरु ग्रंथ सेवक ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर, आंखों का जांच शिविर व एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादो की शहादत और स्व: समाजसेवी रोहन मत्तिल की याद में लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा जसदीप सिंह एचएसजीपीसी मेंबर सुखवद्रिं सिंह ने की। सभी मेहमानों का ब्राइट फ्यूचर अकादमी के प्रबंधक प्रीतपाल सिंह, जगतार सिंह और स्टाफ सदस्यों द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया। समाजसेवी व व्यवसायी प्रिंस बवेजा और उनके पुत्र ने भी रक्तदान कर पुण्य के इस कार्य में अपना सहरानीय योगदान दिया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मत्तिल ने कहा कि हमें साहिबज़ादों की शहादत को नहीं भूलना चाहिए और उनके बारे में अपने बच्चो को बताना चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का तहेदिल से धन्यवाद किया जन्हिोंने समाज सेवा में अपना अतुलनीय योगदान दिया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के राज्य कोऑर्डिनेटर पवन पराशर बताया कि कहा कि रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है साथ ही तनाव और नकारात्मक विचार दूर रहते हैं। सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा सभी रक्तदाताओं, अतिथियों, डॉक्टर्स की टीम, ब्राइट फ्यूचर के स्टाफ सदस्यों और वद्यिार्थियों को संस्था की तरफ से बूस्टर गफ्टि पैक उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी विवेक शर्मा, वागीश शर्मा, राकेश वोहरा, आदत्यि जैन का सहयोग रहा।




बराड़ा। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए । फोटो :हरिभूमि

# इनेलो प्रवक्ता को पुलिस ने फिर दिया नोटिया

■ मोबाइल फोन जमा करवाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भावना हत्याकांड में पुलिस ने फिर से इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह को नोटिस जारी कर मोबाइल फोन जमा करवाने के आदेश दिए हैं। पहले जांच में शामिल हो चुके ओंकार सिंह ने तब फोन जमा करवाने से साफ मना कर दिया था। नए नोटिस पर ओंकार सिंह का कहना है कि पुलिस बिना मतलब के बेइज्जती क रही है। उन्होंने किसी का कत्ल नहीं किया है। हत्यारोपी ने नाम ले दिया तो वह गुनहगार साबित नहीं हुए। उनका इस हत्याकांड मामले में कोई लेना-देना नहीं है। मोबाइल में उनका अपना पर्सनल डेटा है। कानून के दायरे में ही वे नोटिस का जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी के साथ पहले से हाईकोर्ट में केस चल रहा हो, उन्हें वे अपना मोबाइल फोन नहीं देंगे। पुलिस चाहे तो कॉल रिकॉर्ड चेक कर ले। अगर एसपी खुद जांच करना चाहते हैं तो वह मोबाइल फोन देने के लिए तैयार है। बता दें कि कुछ दिन पहले भाई कर्ण उर्फ कालू ने बहन भावना उर्फ मुस्कान की तलवार से काटकर हत्या कर दी थी। भाई ने बहन के प्राइवेट पार्ट समेत पूरे शरीर पर 41 जगह वार किए थे। इसके बाद वह सोशल मीडिया पर लाइव हुआ और कहा कि इस हत्याकांड के लिए उसके बहनोई के साथ इनेलो नेता ओंकार सिंह भी जम्मिेदार है। इसके बाद पुलिस ने ओंकार को भी जांच में शामिल किया था। अंबाला कैंट थाना प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि पहले भी नोटिस दिया था ।



### मार्केट फीस बढ़ोतरी के विरोध में उतरे आढ़ती, 20 को मंडी बंद करने का ऐलान, आदेश की प्रतियां भी फूंकी

*नारायणगढ़। मार्केट फीस में की गई भारी बढ़ोत्तरी को लेकर 20 दिसंबर को सब्जी मंडी पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इसी आश्य को लेकर सोमवार को सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की एक बैठक एसोसिएशन के प्रधान प्रवीन सहगल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रधान प्रवीन सहगल ने कहा कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से मार्केट फीस में लगभग 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का अध्यादेश जारी किया गया है। इसका प्रदेश भर की मंडियों के सभी आढ़तियों ने विरोध किया है। प्रधान ने बताया कि विपणन बोर्ड को यह अपना आदेश तुरंत वापिस लेना चाहिए। यदि ऐसा न किया गया तो हरियाणा राज्य सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के आवहान पर आगामी 20 को सब्जी मंडी पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस अवसर पर सब्जी मंडी आढ़तियों ने मार्केट फीस में की गई बढ़ोतरी वाले अध्यदेश की प्रतियां भी जलाई।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

**कार्यक्रम** सभी दानी सज्जनों से मुहिम में अपना योगदान देने की अपील की

# नागरिक सेवा सदन के पास नेकी की दीवार शुरू, डीसी ने जरुरतमंदों को बांटे गर्म वस्त्र

संस्थाओं द्वारा सामाजिक हित के लिए कार्य सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त डॉ. शालीन ने सोमवार को अंबाला शहर के नागरिक सेवा सदन से नेकी की दीवार का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए यहां पर उपलब्ध करवाए गए सर्दी के कपड़े भी वितरित करने का काम किया। इस मौके पर उन्होंने नागरिक सेवा सदन (रैन बसेरा) का भी दौरा किया। यहां पहुंचने पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विजया लक्ष्मी ने उपायुक्त को पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर व नागरिक सेवा सदन के प्रधान राजेश खोसला ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन द्वारा जरूरतमंद लोगों को सर्दी में बचाव हेतू नेकी की दीवार के माध्यम से गर्म वस्त्र व अन्य चीजें उपलब्ध हो सकें इसके लिए यहां से शुरूआत की गई है। उन्होंने सभी दानी सज्जनों से अपील की कि वे इस मुहिम में अपना योगदान दें। आमजन भी यदि अपनी इच्छा से सहयोग देना चाहते हैं तो वे भी सहयोग दे सकते हैं, मकसद सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। प्रशासन द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से यह कार्य किए भी जा रहे हैं लेकिन आमजन व संस्थाओं का सहयोग भी इसके लिए आवश्यक है। संस्थाओं द्वारा सामाजिक हित के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं वह सराहनीय है। सोसायटी सचिव विजया लक्ष्मी ने रैन बसेरा की व्यवस्थाओं के बारे में उपायुक्त को वस्तिार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां पर एक हॉल में 25 लोगों के लिये व्यवस्था की गई है। यहां पर संस्थाओं के सहयोग से अन्य व्यवस्थाएं भी उपलब्ध करवाई जाती हैं। कोई भी व्यक्ति ठंड के मौसम में इन रैन बसेरों में आकर रूक सकता है। इसके साथ-साथ अंबाला शहर रेलवे स्टेशन के बाहर अस्थाई रूप से एक बस भी स्थापित की गई है। यहां पर भी बस्तिरों के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं भी की गई हैं। इस मौके पर नागरिक सेवा सदन के प्रधान राजेश खोसला, महासचिव सुरेंद्र मल्होत्रा, अनिल प्रसाद, स्वर्ण सिंह सैनी, महद्रिं भटनागर, बद्रीनाथ, भूषण कुमार, अशोक कुमार, मनोज सैनी, बलजीत सिंह के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



अंबाला। जरुरतमंद लोगों को गर्म कपड़े बांटते डीसी डॉ. शालीन।

### ओल्ड ऐज होम का किया मुआयना

*उपायुक्त डॉ. शालीन ने सोमवार को मथुरा एन्क्लेव स्थित जीवन धारा ओल्ड ऐज होम का निरीक्षण किया। उपायुक्त रेडक्रॉस सोसायटी सचिव से यहां पर बुजुर्गों की वस्तिार से जानकारी ली। इस मौके पर डीसी ने बुजुर्गों से भी बातचीत की। इसके बाद उन्होंने सचिव को कहा कि वे प्रस्ताव बनाएं कि यहां पर ओपन जिम स्थापित किया जा सके। इस ओपन जिम के माध्यम से बुजुर्ग इसका लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य को और बेहतर बना सकें। यहां पर 23 बुजुर्ग रह रहें हैं। इसमें 11 पुरूष व 12 महिलाएं शामिल हैं। बुजुर्गों के लिए यहां पर रहने-सहने के साथ-साथ मनोरंजन की व्यवस्था की गई है।*